### आज़ादी के अमृत महोत्सव पर मीडिया सेमिनार

# मीडिया का भारतीयकरण और समाज का आध्यात्मिकरण ज़रूरी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार द्वारा मनाये जा रहे देश की 'आज़ादी का अमृत महोत्सव सप्ताह' के अंतर्गत 'मीडिया स्वतंत्रता व तनाव मुक्त पत्रकारिता वातावरण' विषय पर ब्रह्माकुमारीज़ एवं मानव कल्याण आध्यात्मिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ब्रह्माकुमारीज़ के हरि नगर स्थित राजयोग सेवाकेन्द्र पर पत्रकारों के लिए आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सूचना व प्रसारण मंत्रालय के आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. रिट्रीट सेंटर,गुरुग्राम की निदेशिका ब्र.कु. आशा दीदी ने कहा कि व्यक्ति अगर समाज कल्याण के कार्य में अपने को निमित्त समझे तो वह मन से हल्का रहेगा तथा ईमानदारी, पारदर्शिता व कुशलता का धनी बन जायेगा। उन्होंने संकल्प कराया कि जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को स्वतंत्र कराने का दृढ़ संकल्प लिया था, वैसे हम भी संकल्प करें कि भारत को रावण रूपी विकारों की जंजीरों से मुक्त कराकर ही छोड़ेंगे। मानव कल्याण आध्यात्मिक संस्थान की



संजय द्विवेदी ने कहा कि मीडिया के भारतीयकरण और समाज के आध्यात्मिकरण से ही समाज की सारी समस्याओं का समाधान होगा। आधुनिक पत्रकारिता की शुरुआत भले ही पश्चिम की तर्ज पर हुई हो पर देश की वास्तविक पत्रकारिता मूलतः भारतीय स्वाधीनता संग्राम के गर्भ-नाल से पैदा हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मन को सुंदर, पवित्र रखने के लिए अध्यात्म की ओर जाना होगा, जिससे मन नकारात्मकता से प्रभावित न हो, क्योंकि आध्यात्मिकता से ही लोक-कल्याण संभव है। वरिष्ठ पत्रकार व मीडिया प्रशिक्षक प्रो. प्रदीप माथुर ने कहा कि अच्छे काम करने वालों को मीडिया व समाज से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। वास्तव में यही सकारात्मक पत्रकारिता है। ओम शांति अध्यक्षा ब्र.कु. शुक्ला दीदी ने पत्रकारों को अपने-अपने माध्यमों द्वारा समाज में शांति, सहयोग और भाईचारा फैलाने की प्रेरणा दी, ताकि लोगों का जीवन स्वस्थ, सुखी व समृद्ध बने। इस अवसर पर दिल्ली पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनोहर सिंह, वरिष्ठ उर्दू पत्रकार एम. हुसैन गज़ाली एवं कुछ अन्य पत्रकारों ने भी विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को आंतरिक सुख, शांति, संतुष्टि व मानसिक संतुलन की अनुभूति कराने हेतु कुछ समय के लिए सामूहिक राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही कार्यक्रम में देशभक्ति पर आधारित गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया व फौजियों की शान व कुर्बानी पर एक संक्षिप्त नाटिका भी पेश की गई।

# जन्माष्टमी उत्सव में कृषि मंत्री हुए शामिल



**बहल-हरियाणा।** प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि श्री कृष्ण ने सदियों पहले कर्म को ही धर्म बताते हुए कहा था कि मानव को सफल जीवन के लिए बिना फल की आशा के कर्म करना चाहिए। उन्होंने मानव को जीने की सही राह दिखाई थी। उनका पूरा जीवन आज व भविष्य के लिए बेहद प्रेरणादायी है। उनके उपदेश हमें कर्म और ज्ञान का पथ दिखाते हैं। उक्त विचार मंत्री ने ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेन्द्र पर आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का कोई मुकाबला नहीं है। सनातन धर्म से ही अलग-अलग धर्म बने हैं। सनातन धर्म ही वास्तव में जीवन में संस्कारवान

**कार्यक्रम में... ब्र.कु. शकुंतला दीदी द्वारा लिखी गई पुस्तक का हुआ विमोचन**
**मंत्री ने श्री कृष्ण रूपी बाल कलाकार को खिलाया केक**

मूल्यों का संवाहक है। इससे पूर्व कृषि मंत्री का स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शकुंतला दीदी द्वारा स्वागत किया गया। कृषि मंत्री ने जन्माष्टमी पर्व की बधाई देते हुए केक काटा व श्री कृष्ण के रूप में सजे बाल कलाकार को केक खिलाया। इस अवसर पर ब्र.कु. शकुंतला दीदी द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र मंढोली, सरपंच गजानंद अग्रवाल, चेयरमैन सुशील केडिया, विधानसभा संयोजक सुनील सिरसी, डॉ. वीरेन्द्र लांबा, जे.पी. दूबे, सतबीर चैहड़, शैली मंढोली तथा अन्य गणमान्य अतिथियों सहित बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।

# युवाओं के हौसले का हो सकारात्मक प्रयोग

**'भर लो उड़ान छू लो आसमान' के अंतर्गत 'सदाचार व मूल्य आधारित जीवन' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**

**ग्वालियर-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ युवा प्रभाग के 'यूथ फॉर ग्लोबल पीस' प्रोजेक्ट के अंतर्गत 'भर लो उड़ान छू लो आसमान' विषय पर ऑनलाइन वेबिनार में 10-30 वर्ष के बच्चों एवं युवाओं के लिए 'सदाचार व मूल्य आधारित जीवन' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में कई बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर ब्र.कु. रेखा बहन,सीधी,ज़ोनल कोऑर्डिनेटर,यूथ विंग,भोपाल ने सभी का स्वागत करते हुए एवं कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि युवा आयु में एक हौसला होता है कुछ कर दिखाने का, तो उसका एक सकारात्मक प्रयोग हो सके, उसके लिए ही यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवाओं में विभिन्न प्रतिभाएं हैं परंतु अगर उन्हें सही दिशा न मिले तो वह नकारात्मकता की ओर बढ़ते चले जाते हैं। ब्र.कु. किरन बहन,रीजनल कोऑर्डिनेटर,ब्रह्माकुमारीज़ शिक्षा प्रभाग ने कहा कि जैसे गांधी जी की पहचान उनके दो गुणों से होती है- सत्यता और अहिंसा, क्योंकि उन्होंने इन दोनों गुणों को अपने जीवन में धारण किया, उसी तरह सदा अगर हम गुणों का आचरण करें तो निश्चित ही हमारा जीवन सदाचारी और मूल्य



आधारित जीवन बन जायेगा। डॉ. प्रेमानंद सिंह चौहान,प्राचार्य,आई.पी. एस. कॉलेज,ग्वालियर ने कहा कि युवा का अर्थ है 'शक्ति'। बस ज़रूरत है कि हमारे देश के युवा अपनी शक्ति को केन्द्रित करें और अपने प्रति एक ईमानदार प्रयास करें और खुद के साथ अपने राष्ट्र के भी कल्याण में सहभागी बनें। ब्र.कु. प्रहलाद, ग्वालियर,सदस्य युवा प्रभाग, भोपाल ज़ोन ने मेहमानों तथा उपस्थित युवाओं का आभार व्यक्त किया। संचालन ब्र.कु. सुनीता बहन,होशंगाबाद,कोऑर्डिनेटर,सब ज़ोनल,युवा प्रभाग,भोपाल ने किया।

**जन्माष्टमी के अवसर पर सभी ने श्रीकृष्ण से सीखी श्रेष्ठ जीवन जीने की कला**

# बुराइयों के ऊपर विजय ही जन्माष्टमी का संदेश

**सारनाथ-वाराणसी(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के ग्लोबल लाइट हाउस में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर संस्थान की क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. सुरेन्द्र दीदी ने श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय सभी मानव मनोविकारों एवं बुराइयों की कैद में हैं। ऐसे समय में परमात्मा शिव सृष्टि पर अवतरित हो मानव मात्र को विकारों एवं बुराइयों की कैद से मुक्त करने का दिव्य कर्त्तव्य कर रहे हैं। हमें परमात्म कार्य में सहयोग रूपी उंगली देकर विश्व को बुराइयों एवं पीड़ा से मुक्त करना होगा। अधिक्षण पुरातत्वविद् डॉ. एन.के.सिन्हा ने कहा कि श्रीकृष्ण जी के जीवन दर्शन से हमें अनेक समस्याओं एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपनी दिव्य चेतना एवं आत्मबल द्वारा कुशलता पूर्वक आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्ग प्राप्त होता है। केन्द्रीय कारागार,शिवपुर वाराणसी के अधीक्षक ब्रह्मदत्त दुबे ने कहा कि सारा विश्व ही आज जेल बना हुआ है। हमें इसी में



**कार्यक्रम में विशेष...**

**झूले में झूलते नन्हे श्री कृष्ण एवं राधा जी के साथ हिमालय पर्वत पर स्थित शिवलिंग की झाँकी लोगों के आकर्षण का केन्द्र था।**

**छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत दिव्य और भव्य रास लीला देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए।**

अपने दिव्य स्वरूप को प्रकट करना होगा। संस्थान के क्षेत्रीय प्रबंधक ब्र.कु. दीपेन्द्र ने श्री कृष्ण की तरह मानवीय मूल्यों एवं दिव्य गुणों से युक्त बनकर समाज को नई दिशा देने हेतु आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एन. दूबे, आज़मगढ़ जिला उद्यान अधिकारी ममता यादव, युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी संदीप मौर्य, थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह, डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ. दिनेश, ब्र.कु. विपिन ने भी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बधाई दी। संचालन ब्र.कु. तापोशी बहन ने किया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Sep, 2021
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - श्री मुकेश मंगल, डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org